# एचबीटीयू ने जीता स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन

कानपुर। एचबीटीयू के बीटेक तृतीय वर्ष के छात्रों की टीम ने गुनूपुर उड़ीसा में चल रही स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2022 जीत ली। टीम को एक लाख की पुरस्कार राशि मिली है। प्रोफेसर रघुराज सिंह की मेंटरशिप में गई टीम में प्रखर टंडन, उत्कर्ष दीक्षित, हर्ष प्रजापति, तुषार भाटिया, उन्नति कुमारी और रौनक अग्रवाल शामिल थे। प्रतियोगिता में 1500 छात्रों ने भाग लिया था।